बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं०–27/2023, शिक्षा विभाग, बिहार के अन्तर्गत विद्यालय अध्यापक के कुल 69,706 (उनहत्तर हजार सात सौ छः) पदों, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत कुल 916 (नौ सौ सोलह) पदों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत कुल 1401 (चौदह सौ एक) पदों एवं विज्ञापन सं०–26/2023, शिक्षा विभाग, बिहार के अन्तर्गत विद्यालय अध्यापक के समाहित किये गये कुल 50,263 रिक्त पदों के आलोक में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित संशोधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैः–

क्र०सं०	विज्ञापन में प्रकाशित	संशोधन
1.	विलम्ब शुल्क के साथ निबंधन एवं भुगतान करने की अंतिम तिथि–17.11.2023	विलम्ब शुल्क के साथ निबंधन एवं भुगतान की प्रक्रिया को शिथिल किया जाता है, परन्तु निबंधन एवं भुगतान की अंतिम तिथि–17.11.2023 यथावत रहेगा।
2.	ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि–25.11.2023 (अविस्तारणीय)	यथावत
	वर्ग 1 से 5 के लिए	
3.	निबंधन, भुगतान एवं ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि	16.11.2023 से 25.11.2023 (अविस्तारणीय) तक

1. वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा विज्ञापन सं०–26/2023, शिक्षा विभाग, बिहार के अन्तर्गत वर्ग–1 से 5 विद्यालय अध्यापक के रिक्त पदो के लिए ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं, वे नये सिरे से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण करेंगे।
2. वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा विज्ञापन सं०–27/2023 शिक्षा विभाग, बिहार पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है और वे वर्ग–1 से 5 विद्यालय अध्यापक के लिए ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं, तो उनके द्वारा पूर्व से प्राप्त User Name एवं Password से Login कर Dashboard पर वर्ग–1 से 5 विद्यालय अध्यापक से संबंधित Link पर Click करते हुए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को पूर्ण करेंगे।
3. वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में किसी भी वर्ग के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया गया है और वे वर्ग–1 से 5 के साथ साथ अन्य वर्गों के लिए भी आवेदन करना चाहते हैं, तो सर्वप्रथम वर्ग–1 से 5 को छोड़कर अन्य वर्गों के लिए Registration, परीक्षा शुल्क का भुगतान एवं अंतिम रूप से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को करेंगे। Registration के उपरान्त उपलब्ध कराये गये User Name एवं Password से Login कर Dashboard पर वर्ग–1 से 5 विद्यालय अध्यापक से संबंधित Link पर Click करते हुए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को पूर्ण करेंगे।
4. उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी एवं जानकारी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।
5. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

दिनांक–04.11.2023 एवं 10.11.2023 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–27/2023 की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

14.11.2023

परीक्षा नियंत्रक(TRE-2),
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।